प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में कई स्थानों पर झुलसाने वाली वहीं अधिकतर स्थानों पर तेज गर्मी का असर है। श्रीगंगानगर में कल लगातार तीसरे दिन अधिकतम तापमान 47 डिग्री सैल्सियस के पार मापा गया। वहीं कोटा, चित्तौडगढ, बीकानेर और चूरू में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। हनुमानगढ से हमारी संवाददाता ने बताया कि प्रचंड गर्मी से जनजीवन पर व्यापक असर पडा है। दिन के समय लोगों की आवाजाही कम है और गर्मी से राहत पाने लिए लोग तरह–तरह के उपाय कर रहे है।

.....

भीलवाडा, अलवर, पिलानी, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर, हनुमानगढ़, करौली, दौसा और झुंझुनूं सहित कई जगह लू के हालात जारी है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक हीट वेव की स्थिति बने रहने की संभावना जतायी है।

00000

प्रदेश में आज वाटर होल पद्धति से वन्य जीवों की गिनती की जा रही है। आज सुबह आठ बजे से शुरू हुई ये गणना कल सुबह आठ बजे तक जारी रहेगी। वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर आने–जाने के आधार पर गिना जा रहा है। इसमें मांसाहारी और शाकाहारी पक्षियों और रेंगने वाले जीवों को शामिल किया जा रहा है। विभिन्न जिलों में की जा रही गणना में वन कार्मिकों के साथ वन्य जीव प्रेमी भी शामिल हो रहे हैं। पेड़ों पर बनी मचान पर गिनती करने वालों की सुरक्षा के बंदोबस्त किये गये है।

00000

जयपुर के जमवारामगढ़ में आज सुबह भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं चार गंभीर रूप से और तीन अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। दुर्घटना दौसा–मनोहरपुर हाईवे–148 पर रायसर थानाक्षेत्र के भाट का बास गांव में **कंटेनर** और कार के बीच आमने–सामने की टक्कर से हुई। कार में मध्यप्रदेश से लौट रहे नवविवाहित दुल्हा दुल्हन और उनके परिवार के लोग मौजूद थे, जिन्होंने मौके पर ही दम तोड दिया। घटना की सूचना मिलने पर दोनो परिवारों में मातम छा गया। रायसर पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भेजा है।

00000

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की आज 25वीं पुण्यतिथि हैं। इस अवसर पर दौसा के भंडाना–जीरोता गांव में उनके स्मारक स्थल पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा रखी गयी है। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा, टीकाराम जूली, गोविन्द सिंह डोटासरा सहित पार्टी के कई नेता इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है। वहीं भरतपुर में आज उनकी स्मृति में मैराथन दौड का आयोजन किया गया। इसके साथ ही श्रद्धाजंलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया गया।

**0000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान कवि और समाज सुधारक संत कबीर दास की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि कबीर के दोहों में शब्दों की सरलता और भावनाओं की गहराई है। भारतीय जनमानस पर उनका गहरा प्रभाव है। इधर प्रदेश में भी कबीर जयंती के मौके पर उनका श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जा रहा है। पाली में कबीर जयंती के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया और शहर में शोभायात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनके योगदान को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

0000

प्रदेशभर में **वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान** की गतिविधियां व्यापक रूप से हो रही है। इसके माध्यम से जलस्त्रोतो का जीर्णोद्धार और साफसफाई के साथ पानी बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कडी में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत आज करौली में कई जल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे जिले में 28 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के चार विकास कार्यो की सौगात देंगें। वहीं बारां, जैसलमेर, बालोतरा और पाली में श्रमदान और कलश यात्रा के माध्यम से जल का महत्व बताया जा रहा है।

00000

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले 11 सालों में पूंजीगत खर्च में काफी बढोतरी हुई है। ये साल 2024–25 में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच गया है। एक लेख में श्री वैष्णव ने कहा कि बीते 11

सालों में देश में लगभग 59 हजार किलोमीटर राजमार्ग बनाए गए और साढे 37 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी रेलवे पटरियां बिछाई गई हैं। उन्होंने कहा कि 141 करोड़ से अधिक आधार पंजीकरण और हर रोज़ 60 करोड़ यूपीआई लेनदेन डिजिटल क्रांति को दर्शाते है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक निवेश में यह उछाल भारत के बुनियादी ढांचे में सबसे ज्यादा दिखाई देता है।

0000